संख्या-633/2015/1960/69-1-16-01(एस0सी0पी0)/2016

प्रेषक,

एच0पी0 सिंह

विशेष सचिव

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,

राज्य नगरीय विकास अभिकरण,

उ0प्र0, लखनऊ।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग। लखनऊ : दिनांक :05 अक्टूबर, 2016

विषय वित्तीय वर्ष 2016-17 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत "मूलभूत नगरीय सुविधाएं एवं आवास (एस0सी0एस0पी0) योजनान्तर्गत" जनपद-महराजगंज की 15 परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-2465/51/10/छ:/विविध/महराजगंज, दिनांक 29 अगस्त, 2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "मूलभूत नगरीय सुविधाएं एवं आवास योजनान्तर्गत" वित्तीय वर्ष 2016-17 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत जनपद-महराजगंज की न0पा0परि0 महराजगंज की विभिन्न मलिन बस्तियों में इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य से सम्बन्धित अलग-अलग कुल 15 परियोजनाओं हेतु कुल रू0 321.47 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सहित, उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अर्थात् संलग्न तालिका के स्तम्भ-6 में अंकित धनराशि रू0 160.735 लाख (रूपये एक करोड साठ लाख तिहत्तर हजार पाँच सौ मात्र) की, श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1. निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0 लखनऊ यह सुनिश्चित कर लेगें कि एस0सी0एस0पी0/टी0एस0पी0 योजना हेतु भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानक तथा दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
2. प्रश्नगत परियोजनाओं में प्रस्तावित कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रयोजना पर सक्षम स्तर/सूडा से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर/सूडा से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
3. उक्त धनराशि शासन द्वारा इस योजना के अन्तर्गत निर्धारित शर्तो/योजना के प्रतिबन्धों के अनुसार उपर्युक्तानुसार निहित मद में व्यय की जायेगी एवं स्वीकृत परियोजनान्तर्गत कार्य की विशिष्टियॉं, मानक व गुणवत्ता आदि को सुनिश्चित करते हुए कार्य क्रमशः इस प्रकार कराये जायेंगे कि वे उपलब्ध धनराशि से ही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो जाये तथा उनका लाभ सम्बन्धित स्थानीय निवासियों को मिल सके।
4. स्वीकृत की जा रही धनराशि को आहरित कर व्यय करने से पूर्व परियोजनाओं को जनपद स्तरीय शासी निकाय से अनुमोदित कराया जाना सुनिश्चित करेगें।

क्रमशः.........2

http://shasanadesh.up.nic.in

5. उक्त धनराशि यथा समय सम्बन्धित डूडा (निर्माण इकाई) को उपलब्ध करा दी जायेगी। उक्त धनरा सम्बन्धित डूडा (निर्माण इकाई) को अवमुक्त करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि उ परियोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्य वर्तमान तथा भविष्य में किसी अन्य मद/ योजना/कार्यक्रम से न स्वीकृत किया गया है और न वर्तमान में किसी अन्य मद/योजना/ कार्यक्रम में आच्छादित किया ज प्रस्तावित है, जिससे कि शासकीय धन का दुरूपयोग न होने पाये, अन्यथा कि स्थिति में स्वीकृत धनरा तत्काल राजकोष में जमा कराकर शासन को सूचित किया जायेगा।

6. प्रश्नगत योजना में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन यथा कार्यो के आकार में वृद्धि एवं विशिष्टियों में परिव आदि नहीं किया जायेगा। प्रायोजना की विस्तृत डिजाइन आदि एवं तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने उपरान्त ही प्रायोजना का प्रस्तावित निर्माण कार्य प्रस्तावित कराया जाना अनिवार्य होगा।

7. उक्त धनराशि का प्रयोग उसी प्रायोजन के लिये किया जायेगा, जिसके लिये स्वीकृत किया जा रहा किसी प्रकार का व्ययावर्तन अनुमन्य नहीं होगा।

8. स्वीकृत की जा रही धनराशि कोषागार से आहरित कर बैंक/डाकघर/डिपाजिट खाते/पीएलए में नहीं र जायेगी। स्वीकृत धनराशि एकमुश्त आहरित न कर आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी।

9. उक्त धनराशि का आहरण निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा वि सचिव/सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग के प्रतिहस्ताक्षरोपरान्त किया जाये उक्त प्रायोजना की मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्व कार्यद संस्था/सम्बन्धित डूडा का होगा।

10. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा नि शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

11. उक्त धनराशि सम्बन्धित निर्माण इकाई को अवमुक्त करने से पूर्व सूडा द्वारा यह सुनिश्चित कर लि जायेगा कि प्रश्नगत परियोजनाओं के आगणनों का गठन वित्त विभाग के शासनादेश दिन 04.04.2008 के अनुरूप है तथा उसमें कार्य विशेष की लागत सीमा को कम करने के उद्देश्य से अ प्रायोजना के स्कोप को कम करके अथवा प्राविधानों को कम करके लागत आंकलित नहीं की गई है।

12. प्रश्नगत परियोजना से सम्बन्धित कार्यो की द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो, यह सूडा/डूडा द्वारा सुनिश्चित वि जायेगा।

13. प्रत्येक आहरण की सूचना महालेखाकार (राजकोष), महालेखाकार (लेखा), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद आदेश की प्रति के साथ कोषागार का नाम, वाउचर संख्या, तिथि तथा लेखाशीर्षक की सूचना एक वर्ष भीतर अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।

14. इस धनराशि का उपयोग चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में अवश्य करा लिया जाये और इसके ब उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। निर्धारित अवधि के बाद अनुपयोगित धनरा यदि कोई हो तो एकमुश्त शासन को वापस करनी होगी।

15. स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष उतनी ही धनराशि आहरित की जायेगी, जितनी 31 मार्च, 20 तक व्यय हो सके।

क्रमशः.......

16. प्रश्नगत परियोजनाओं में प्रस्तावित कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-6 के अध्या 12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रयोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अव प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रार किया जायेगा।

2. उपर्युक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में अनुदान संख्या-83 में योजनान्तर्गत प्रस्तावित बजट उपलब्ध धनराशि से लेखाशीर्षक "2217-शहरी विकास-आयोजनागत-04-गन्दी बस्तियों का विकास-789-अनुसूचि जातियों के लिए विशेष घटक योजना-03-मूलभूत नगरीय सुविधाएं एवं आवास-00-20-सहायता अनुदान-सामा (गैर वेतन)" के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिन 22.03.2016 तथा समय-समय पर प्राप्त निर्देशों के तहत् जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक – यथोक्त।

भवदीय,

(एच0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-633/2016/1968 (1)/69-1-16 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, 20 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, छठवां तल, संगम प्लेस, सिविल ला इलाहाबाद।
3. सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, महराजगंज।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0 शासन।
6. नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
7. समाज कल्याण बजट प्रकोष्ठ/कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, उ0प्र0 शासन।
8. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
9. वित्त नियंत्रक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0 लखनऊ।
10. सहायक वेब मास्टर, सूडा को विभागीय वेब साइड पर अपलोड कराने हेतु।
11. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सहायक/बजट समन्वयक।

आज्ञा से,

(एच0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेशसंख्या- 633/2016/1960/69-1-2016-01(एस0सी0पी0)/2016, दिनांक 05 अक्टूबर 2016 का संलग्नक।

(धनराशि लाख रू0 में)

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | निकाय/नगर पंचायत का नाम। | बस्ती/वार्ड का नाम/कार्य का विवरण। | परियोजना की कुल आगणित धनराशि। | प्रथम किश्त (50 प्रतिशत) के रूप में स्वीकृत की जा रही धनराशि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| 1. | महराजगंज | न0पा0प0 महराजगंज | वार्ड नं0-08 के मो0 राजीव नगर में पी0डब्ल्यू0 डी0 रोड से डी0 के0 यादव के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 18.58 | 9.29 |
| 2. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-14 के मो0 लोहिया नगर में श्री सद्दाम के मकान के सामने से हसमत तारा व श्री नन्हें के मकान होते हुए अशोक के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 39.29 | 19.645 |
| 3. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-14 के मो0 लोहिया नगर में श्री वीरेन्द्रेश के मकान से अजय के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 15.08 | 7.54 |
| 4. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-14 के मो0 लोहिया नगर में श्री कौशल किशोर के मकान से ब्रिलियण्ट कोचिंग सेन्टर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 12.76 | 6.38 |
| 5. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-14 के मो0 लोहिया नगर में श्री लेखपाल के मकान से राम बचन वर्मा के मकान तक नाली का निर्माण कार्य। | 5.63 | 2.815 |
| 6. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-14 के मो0 लोहिया नगर में श्री चन्द्रभान के मकान से जय हिन्द के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | 29.14 | 14.57 |
| 7. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-14 के मो0 लोहिया नगर में श्री कैलाश नाथ मिश्रा के मकान से श्री प्रदीप सिंह के मकान होते हुए काका मैरेज हाउस के बाउण्ड्रीवाल तक नाली का निर्माण कार्य। | 7.33 | 3.665 |
| 8. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-14 के मो0 लोहिया नगर में श्री अनन्त सिंह के मकान से श्री महेश वर्मा के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 11.67 | 5.835 |
| 9. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-14 के मो0 लोहिया नगर में श्री गायत्री के मकान से आजाद स्कूल तक इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | 5.89 | 2.945 |
| 10. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-11 के मो0 आजाद नगर में श्री भागवत गौड़ के मकान से श्री राम सेवक व राधेश्याम पटेल के घर होते | 9.04 | 4.52 |

http://shasanadesh.up.nic.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | हुए परमानन्द के मकान तक नाली का निर्माण कार्य। | | |
| 11. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-11 के मो0 आजाद नगर में श्री राजेन्द्र प्रजापति के मकान से श्री अवधेश के घर होते हुए श्री राज किशोर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 42.60 | 21.30 |
| 12. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-11 के मो0 आजाद नगर में श्री मुन्नी राम के मकान से श्री सुदामा मास्टर के घर होते हुए नहर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 32.96 | 16.48 |
| 13. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-11 के मो0 आजाद नगर में श्री जय प्रकाश पटेल के मकान से पटेल धर्मशाला व खण्डेलवाल के घर होते हुए जनार्दन विश्वकर्मा के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | 47.21 | 23.605 |
| 14. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-19 के मो0 शास्त्री नगर में श्री इन्दल यादव के मकान से श्री जोखमन प्रसाद के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 13.17 | 6.585 |
| 15. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-23 के मो0 मउपाकड में श्री रामरेखा के मकान से श्री निवास के घर होते हुए कसेरा के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 31.12 | 15.56 |
| | योग | | | 321.47 | 160.735 |

**(रूपये एक करोड़ साठ लाख तिहत्तर हजार पाँच सौ मात्र)।**

(एच0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in